Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

## बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com

## IQAC meeting session 2019-20

DATE: __/__/__
PAGE NO. ____

बैठक कार्यवाही 01/06/2019

आज दिनांक 01/06/2019 को महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य महोदया की अध्यक्षता में आई.क्यू.ए.सी. की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आई.क्यू.ए.सी. के सदस्य एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं महाविद्यालय के कार्यालयाध्यक्ष उपस्थित रहे।

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर विचार किया गया।

1. महाविद्यालय की आगामी पाँच वर्षों की कार्ययोजना (Institutional Plan) सम्बन्धी सुझाव
2. महाविद्यालय की विभिन्न विभागीय उपसमितियों के कार्य की समीक्षा एवं आगामी कार्य।
3. महाविद्यालय की अनुशासन समिति, महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ, NCC, NSS, रोवर्स रेंजर, पेरेन्ट टीचर एसोसिएशन एवं एल्युमनी समितियों के आगामी कार्यक्रमों पर विचार।

महाविद्यालय IQAC के संयोजक डा. अतुल उप्रेती द्वारा महाविद्यालय के आगामी पाँच वर्षों हेतु कार्ययोजना का प्रारम्भिक स्वरूप प्रस्तुत किया गया एवं सभी प्राध्यापकों से इस सम्बन्ध में सुझाव आमन्त्रित किये गये।

श्री आदर्श चौधरी द्वारा दीर्घकालीन एवं अल्पकालीन योजनाएं अलग-2 बनाने का प्रस्ताव दिया गया। डॉ. सत्यप्रकाश शर्मा ने कालेज में अकादमिक गतिविधियों यथा सेमिनार कान्फ्रेंस आदि हेतु प्रोजेक्टर क्रय करने एवं कम्प्यूटर क्रय करने पर जोर दिया गया

Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com



नये कोर्स हेतु प्रस्ताव भेजने के लिये निम्न विषयों पर सभी ने सहमति प्रदान की

B.A.= भूगोल, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, गृह विज्ञान, ललित कला, एवं गणित

MA.= गणित एवं अंग्रेजी

डा० कुमार विमल लखटकिया द्वारा महाविद्यालय में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान, एवं महाविद्यालय के भवनों में अग्निशमन [illegible] की व्यवस्था करने पर जोर दिया गया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया।

डा. सूरजपाल द्वारा स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान मे पूर्ण सहयोग करने का [illegible] आश्वासन दिया गया।

डा. दुर्गापाल द्वारा Sports मे बैडमिंटन कोर्ट एवं बास्केट बाल बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

डा. अतुल [illegible] द्वारा [illegible] प्राध्यापकों को DSC check list एवं [illegible] की योजना सम्बन्धी प्रपत्र बांटे गये।

प्राचार्य महोदया ने इन प्रपत्रों को पूरित कर मंगलवार 04/06/19 तक IQAC में जमा करने का आदेश दिया गया। इसी के साथ बैठक समाप्त हुई।

Convener IQAC
G.P.G.C. Bazpur
U.S.Nagar

प्राचार्य

① ② ③ ④ ⑤ ⑥ ⑦ ⑧ Schaurasia ⑨ ⑩ ⑪ 01/6/19 ⑫ 1/6/19 ⑬

Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

## बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com



### बैठक कार्यवाही

08/06/19

कार्य वृत्त :

आज दिनांक 08/06/19 को प्राचार्य महोदया की अध्यक्षता में महाविद्यालय की आई॰क्यू॰ए॰सी॰ की एक बैठक आहूत की गई। इस बैठक में महाविद्यालय आई॰क्यू॰ए॰सी॰ के संयोजक एवं सदस्य उपस्थित रहे। इस बैठक में महाविद्यालय में अकादमिक एवं प्रशासनिक सुधारों के सम्बन्ध में चर्चा हुई। बैठक में महाविद्यालय IQAC के द्वारा पिछले छः माह के कार्यों एवं सुझावों की समीक्षा की गई।

कार्यवाही :

(1) बैठक के आरम्भ में प्राचार्य द्वारा IQAC को नैक के दृष्टिगत कार्यों में तेज़ी लाने का निर्देश देते हुए IQAC द्वारा पिछले सत्रार्ध में किये गये कार्यों एवं IQAC द्वारा दिये गये सुझावों पर कार्यवाही की स्थिति की जानकारी मांगी गई।

(2) बैठक में महाविद्यालय IQAC के संयोजक डॉ॰ अतुल उप्रेती ने जानकारी दी कि,

(i) दिसम्बर 2018 में आई॰क्यू॰ए॰सी॰ द्वारा नैक के दृष्टिगत एक अध्ययन किया गया था। जिसकी रिपोर्ट प्राचार्य कार्यालय को सौंपी गई है। उक्त अध्ययन में आई॰क्यू॰ए॰सी॰ ने कई सुझाव दिये थे।

(ii) उक्त सुझावों में से कुछ सुझावों पर कार्यवाही हुई है जैसे कि छात्र/छात्राओं एवं प्राध्यापकों से फीडबैक (महाविद्यालय में पठन पाठन एवं मूलभूत सुविधाओं सम्बंधी) एकत्र किये जा चुके हैं।

(iii) छात्रों का डाटा एकत्रीकरण का कार्य प्रगतिपर

Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com



है। परन्तु कर्मियों की संख्या पर्याप्त न होने से यह कार्य बहुत धीमी गति से बढ़ पा रहा है।

(iii) महाविद्यालय में द्वि-स्तरीय (two tier) व्यवस्था के अन्तर्गत DSC एवं CDPC का गठन किया जा चुका है। सभी विभागीय उप समितियां एवं CDPC उक्त कार्य को शीघ्र ही ~~[illegible]~~ पूर्ण करने का प्रयास कर रही हैं।

(iv) महाविद्यालय के आगामी सेमेस्टर के प्रारम्भ में छात्र छात्राओं हेतु "परिचय" नाम से एक Student Orientation कार्यक्रम प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम की तैयारियां पूरी नहीं हो पाई हैं। डॉ. अतुल उप्रेती द्वारा उक्त कार्यक्रम की आयोजन समिति के शीघ्र गठन की आवश्यकता पर बल दिया गया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया।

(3) बैठक में डॉ. सत्य प्रकाश शर्मा द्वारा IQAC में कार्यालय प्रमुख अथवा कार्यालय लिपिक को सदस्य के रूप में शामिल करने पर बल दिया गया ताकि IQAC एवं प्राचार्य कार्यालय के बीच अधिक समन्वय स्थापित हो सके। प्राचार्य द्वारा प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए इस पर शीघ्र कार्यवाही करने का निर्देश कार्यालय को दिया गया।

(4) बैठक में प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय की वेबसाइट सम्बन्धी जानकारी माँगी गई। जिस पर श्री आदर्श चौधरी (समन्वयक वेबसाइट) द्वारा जानकारी दी गई कि वेबसाइट कार्य कर रही है। परन्तु अपडेट नहीं हो पाई है। महाविद्यालय में ग्रीष्मावकाश एवं परीक्षाओं के चलते कई प्राध्यापक अपनी जानकारी

Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

## बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com



नहीं भेज पा रहे हैं। इन्होंने इस कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया ताकि वेबसाइट को अपडेट किया जा सके।

(5) बैठक में प्राचार्य द्वारा IQAC को निर्देशित किया गया कि महाविद्यालय वैब साइट को अपडेट कराने हेतु सभी प्रध्यापकों को सूचित किया जाय। इस पर श्री आदर्श चौधरी द्वारा जानकारी दी गई कि प्रध्यापकों को कई बार मौखिक व लिखित रूप से सूचित किया जा चुका है परन्तु अभी तक संतोषजनक प्रगति नहीं हो पाई है।

(6) प्राचार्य द्वारा IQAC से महाविद्यालय की नैक सम्बन्धी अद्यतन स्थिति की जानकारी सम्बन्धी अध्ययन कर (वर्ष 2018-19 हेतु) करने को कहा गया। इस पर डा॰ सत्य प्रकाश शर्मा द्वारा इस अध्ययन को मात्र जानकारी एकत्र करने तक सीमित न करते हुए एक Acedemic Administrative Audit के रूप में करने की राय दी गई। डा॰ अतुल उप्रेती ने इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया एवं आदर्श चौधरी ने प्रस्ताव का समर्थन किया। प्राचार्य द्वारा उक्त प्रस्ताव को स्वीकार कर Acedemic Administrative Audit कराये जाने की अनुमति IQAC को प्रदान करते हुए IQAC से एक प्रस्ताव इस सम्बन्ध में प्राचार्य कार्यालय में जमा करने को कहा गया।

(7) डा॰ अतुल उप्रेती द्वारा सूचित किया गया कि IQAC को अभी तक सुचारु रूप से कार्य करने हेतु फर्नीचर, इन्टरनेट, एवं प्रिंटर जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाने से कार्य करने में कठिनाई का

Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com

Date:

Page: 6

सामना करना पड़ रहा है।

(8) डॉ. अतुल उप्रेती द्वारा प्राचार्य से IQAC व NAAC के कार्य हेतु एक [illegible] सहायक एवं एक typist [illegible] उपलब्ध कराने की प्रार्थना की गई जिस पर प्राचार्य ने कार्यालयाध्यक्ष को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

(9) डॉ. अतुल उप्रेती द्वारा महाविद्यालय में एक प्रोजेक्टर युक्त सेमिनार हाल एवं एक कम्प्यूटर लैब की आवश्यकता पर बल दिया गया। जिस पर प्राचार्य ने विचार करने का आश्वासन दिया।

अन्त के साथ बैठक समाप्त हुई।

[illegible] :

1.) डॉ. कमल चन्याल
(प्राचार्य एवं अध्यक्ष IQAC)

2) डॉ. अतुल उप्रेती
(संयोजक IQAC) Convener IQAC G.P.G.C Bazpur U.S Nagar 08/06/19

3) डॉ. सत्यप्रकाश शर्मा
(सदस्य IQAC) 08/06/19

4) डॉ. ब्रजेश जोशी
(सदस्य IQAC) [redacted] 08/06/19

5) श्री आदर्श चौधरी
(सदस्य IQAC)

6) डॉ. सूरजपाल सिंह
(सदस्य IQAC) Teacher's Sign 8/6/19

Ph. 05949 - 282140

राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com



## बैठक कार्यवाही

11/06/19

कार्य वृत्त:

आज दिनांक 11/06/19 को प्राचार्य कक्ष में महाविद्यालय IQAC की एक बैठक प्राचार्य की अध्यक्षता में आहूत की गई।

इस बैठक में निम्न दो विषयों पर चर्चा की गई;

(1) महाविद्यालय में ~~आगामी~~ आगामी सत्र में प्रस्तावित "स्टूडेन्ट ओरियनटेशन" ~~कोर्स~~ कार्यक्रम सम्बन्धी तैयारियों की समीक्षा

(2) महाविद्यालय में सत्र 2018-19 हेतु Academic and Administrative Audit कराने हेतु विचार विमर्श

कार्यवाही

(1) बैठक के प्रारम्भ में प्राचार्य द्वारा आगामी सत्र में प्रस्तावित "स्टूडेन्ट ओरियन्टेशन प्रोग्राम" के आयोजन सम्बन्धी जानकारी ली गई।

(2) बैठक में डॉ० अतुल उप्रेती द्वारा आयोजन सचिव डॉ० बी० के० जोशी एसो० प्रो० राजनीति विज्ञान को बनाए जाने का प्रस्ताव किया गया जिसको सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

(3) बैठक में प्राचार्य द्वारा डॉ० बी० के० जोशी को उक्त कार्यक्रम की तैयारी हेतु कार्य आरम्भ करने का निर्देश देते हुए महाविद्यालय प्रशासन के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।

(4) बैठक में डॉ० अतुल उप्रेती द्वारा Academic and Administrative Audit के स्वरूप पर चर्चा की गई। इस चर्चा में IQAC के विभिन्न सदस्यों ने अपनी राय रखी।

Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com



4.1 डॉ० अतुल उप्रेती द्वारा स्वरूप की चर्चा करने पर प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि यह एक आंतरिक (Internal Audit) होगा। जिसके लिये ~~एक~~ दो प्राध्यापकों एवं कार्यालयाध्यक्ष को ऑडिटर नियुक्त किया जाएगा।

4.2. डॉ० सत्यप्रकाश शर्मा द्वारा ऑडिट करने हेतु की विधि के बारे में चर्चा करते हुए प्रस्ताव दिया गया कि ऑडिट के पहले चरण में प्रत्येक विभाग को बिन्दुवार सूचनाएं देने के लिये प्रारूप दिये जाएं तथा इस प्रारूप को भरने के लिये पर्याप्त समय दिया जाय। इसके अगले चरण में जब विभागों के भरे हुए प्रारूप कार्यालय अथवा IQAC को प्राप्त हो चुके हों तब ऑडिट टीम द्वारा प्रत्येक विभाग में जाकर सूचनाओं का भौतिक एवं अभिलेखीय सत्यापन किया जाय।

4.3. डॉ० अतुल उप्रेती द्वारा इस ऑडिट को समयबद्ध योजना से कराने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

उक्त तीनों प्रस्तावों को आई० क्यू० ए० सी० ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया।

(5) बैठक में डॉ० अतुल उप्रेती द्वारा ऑडिटर के रूप में डॉ० बी० के० जोशी, डॉ० कुमार विमल लखटकिया एवं कार्यालयाध्यक्ष श्री बी० के० जोशी का नाम प्रस्तावित किया गया।

Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com



(6) प्राचार्य द्वारा ऑडिट (AAA) हेतु प्रारूप बनाने के लिये डॉ० अतुल उप्रेती एवं डॉ० बी० के० जोशी को निर्देशित किया गया।

(7) डॉ० अतुल उप्रेती द्वारा AAA में सत्यापित जानकारियों की एक प्रति NAAC के दृष्टिगत IQAC को उपलब्ध कराने एवं विभागों की जानकारियों सम्बन्धी स्वप्रमाणित अभिलेखों की एक फाइल बनाने हेतु विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापकों को निर्देशित किये जाने की प्रार्थना प्राचार्य से की गई जिसे प्राचार्य महोदय ने स्वीकार कर लिया।

(8) प्राचार्य द्वारा AAA का प्रारूप तैयार होने पर महाविद्यालय की CDPC की एक बैठक बुला कर सभी विभागाध्यक्षों को AAA सम्बन्धी जानकारी देने एवं प्रत्येक विभाग में Audit की सूचनाएं विभागों में गठित DSCs द्वारा भरे जाने का प्रस्ताव किया गया। सभी सदस्यों द्वारा इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया।

उक्त चर्चा के बाद निम्न निर्णयों के साथ बैठक समाप्त हुई।

(1) स्टूडेंट ओरियन्टेशन के कार्यक्रम सचिव डॉ० बी०के० जोशी होंगे।

(2) इन्टरनल AAA का प्रारूप डॉ० अतुल उप्रेती द्वारा तैयार कर प्राचार्य को प्रस्तुत किया जाएगा।

(3) ऑडिट टीम तीन सदस्यीय होगी। टीम में डॉ० बी० के० जोशी, डॉ० कुमार विमल लखटकिया एवं कार्यालयाध्यक्ष होंगे।

1) 11/06/19 (डॉ. अतुल उप्रेती) 2) (डॉ. सत्यप्रकाश शर्मा) 3) 11/06/19 (डॉ. बी.के. जोशी) 4) (डॉ. आदर्श चौधरी) 5 डॉ. सूरजपाल सिंह

Ph. 05949 - 282140
# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय
## बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड
website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com



बैठक कार्यवाही

दिनांक 10/08/19

कार्य वृत्त:

आज दिनांक 10/08/19 को महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में महाविद्यालय IQAC की एक बैठक प्राचार्य की अध्यक्षता में आहूत की गई।

इस बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई

(1) महाविद्यालय में IQAC द्वारा प्रस्तावित कार्यों की अद्यतन स्थिति

(2) महाविद्यालय में IQAC द्वारा आगामी कार्य योजना एवं NAAC प्रत्यायन हेतु की जा रही तैयारियां

कार्यवाही:

(1) बैठक के आरम्भ में प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय IQAC द्वारा प्रस्तावित कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई।

(2) डॉ० अतुल उप्रेती द्वारा प्राचार्य को गत सत्र से (दिसम्बर 2018) अब तक आई.क्यू.ए.सी. द्वारा किये गये कार्यों का विवरण दिया गया। डॉ० अतुल उप्रेती द्वारा प्राचार्य महोदया को निम्न जानकारियां दी गई

(2.1) दिनांक 08/06/19 की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुपालन में महाविद्यालय वेबसाइट के अपग्रेडेशन का कार्य प्रगति पर है। महाविद्यालय की वेबसाइट पर प्राध्यापकों के प्रोफाइल अपडेट किये जा रहे हैं।

(2.2) दिनांक 08/06/19 एवं दिनांक 11/06/19 की बैठकों में हुए निर्णय के अनुसार महाविद्यालय में सत्र 2019-20 के आरम्भ में दिनांक 08/08/2019 को महाविद्यालय द्वारा परिचय" नाम से एक अभिविन्यास कार्यक्रम हुआ

Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com



हेतु, सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य, विभागाध्यक्षों एवं प्रमुख समितियों के संयोजकों ने नए छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के विभिन्न क्रिया कलापों, समितियों, इकाइयों आदि के कार्य एवं प्रक्रियाओं सम्बंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भारी संख्या में नवागन्तुक छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

(2.3) दिनांक 11/06/19 की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुपालन में महाविद्यालय में Internal AAA हेतु तैयारियां IQAC के द्वारा की जा रही है। IQAC शीघ्र ही प्राचार्य के समक्ष विभिन्न विभागों ~~[illegible]~~ के द्वारा भरी जाने वाले ~~Self~~ Self Study Report का प्रारूप अनुमति हेतु प्रस्तुत करेगा।
इसी के साथ डॉ. अतुल उप्रेती द्वारा आगामी सामान्य निर्वाचन में प्राध्यापकों एवं कर्मियों की सहभागिता के कारण AAA हेतु अक्टूबर 2019 तक समय सीमा बढ़ाने की प्रार्थना की गई। जिसे प्राचार्य ने स्वीकार कर लिया।

(2.4) महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों से फीडबैक एकत्र करने का कार्य पूर्ण हो चुका है।
डॉ० अतुल उप्रेती द्वारा सत्र 2019-20 के ~~[illegible]~~ विषम सेमेस्टर हेतु पठन पाठन एवं मूलभूत सुविधाओं ~~के~~ हेतु फीड बैक का कार्य सेमेस्टर की परीक्षाओं के ~~[illegible]~~ समय करने की अनुमति मांगी जिसे प्राचार्य महोदया ने स्वीकार कर अनुमति प्रदान की।

Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com



(2.5) डॉ० अतुल उप्रेती एवं डॉ० बृजेश जोशी द्वारा नैक प्रायापन हेतु छात्र छात्राओं का डेटा एकत्र करने हेतु, एक कम्प्यूटर की आवश्यकता प्रकट की गयी। प्राचार्य महोदया ने उक्त हेतु विचार करने का आश्वासन दिया गया

(2.6) डॉ० अतुल उप्रेती द्वारा नैक हेतु छात्र/छात्राओं का डेटा ई मेल, मोबाइल नं० रजि० नं० आदि एकत्र करने की प्रक्रिया को योजनाबद्ध रूप से करने के लिये महाविद्यालय में Student Data Centre for NAAC की स्थापना की माँग की गई जिसे प्राचार्य द्वारा स्वीकार कर लिया गया।

(2.7) A.A.A. में ऑडिट टीमों में अधिकतम प्राध्यापकों की प्रतिभागिता को बढ़ाने हेतु, विभिन्न विभागों हेतु विभिन्न टीम गठित करने एवं एक चीफ ऑडिटर की नियुक्ति का प्रस्ताव डॉ० बृजेश जोशी द्वारा दिया गया जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया तथा प्राचार्य ने इस हेतु अनुमति प्रदान की।

इस प्रकार उक्त चर्चा के बाद बैठक निम्न निर्णयों के साथ समाप्त हुई

(1) स्टूडेंट ओरियन्टेशन कार्यक्रम महाविद्यालय में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाएगा।

(2) महाविद्यालय में AAA हेतु प्रत्येक विभाग हेतु एक अलग-2 टीमें गठित की जाएगी जिसमें दो प्राध्यापक ऑडिटर एवं एक प्राध्यापक चीफ ऑडिटर होंगे। चीफ ऑडिटर सभी विभागों के

Teacher's Sign

Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com



लिये एक ही होंगे। IQAC "AAA" माह अक्टूबर 2019 के अन्त तक सम्पन्न कराने का प्रयास करेगी। इस हेतु दिनांक 11/06/19 को हुई बैठक के सम्बन्धित निर्णय को संशोधित माना जाएगा।

(3) महाविद्यालय IQAC महाविद्यालय में स्टूडेंट डेटा सेन्टर स्थापित करेगी। इस हेतु स्टूडेंट डेटा

4 ~~(5)~~ सेंटर को एक कम्प्यूटर एवं एक कम्प्यूटर आपरेटर एवं ~~स्कैनर~~ इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

उक्त निर्णयों के साथ बैठक समाप्त हुई

(1) डॉ. कमला चन्याल
(प्राचार्य एवं अध्यक्ष IQAC)

(2) डॉ० अतुल उप्रेती
(संयोजक IQAC) 10/08/19

Convener IQAC
G.P.G.C Bazpur
U S Nagar

(3) डॉ० सत्यप्रकाश शर्मा
(सदस्य IQAC)

(4) डॉ० ब्रजेश जोशी
(सदस्य IQAC)

(5) श्री आदर्श चौधरी
(सदस्य IQAC)

(6) डॉ० सूरजपाल सिंह
(सदस्य IQAC)

Teacher's Sign.

Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com



## बैठक कार्यवाही

कार्य वृत्त: दिनांक 20/11/2019

महाविद्यालय I.Q.A.C. के समस्त सदस्यों की बैठक आज दिनांक 20/11/2019 को महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में आहूत की गई। इस बैठक में I.Q.A.C के द्वारा सम्पन्न कार्यों एवं नैक की तैयारियों की समीक्षा प्राचार्य द्वारा की गई। बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई;

(1) महाविद्यालय में I.Q.A.C. द्वारा प्रस्तावित कार्यों की अद्यतन स्थिति

(2) महाविद्यालय में N.A.A.C हेतु की जा रही तैयारियों की अद्यतन स्थिति

कार्यवाही:

(1) बैठक के प्रारम्भ में प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय IQAC द्वारा प्रस्तावित कार्यों की अद्यतन स्थिति सम्बन्धी जानकारी मांगी गई।

(2) डॉ. अतुल उप्रेती (संयोजक IQAC/NAAC) द्वारा निम्न जानकारी दी गई;

(2.1) महाविद्यालय में "स्टूडेंट डाटा सेंटर" की स्थापना कर ली गई है। स्टूडेन्ट डाटा सेंटर द्वारा नैक प्रत्यायन हेतु छात्र/छात्राओं की email ID एवं मोबाइल न. आदि की जानकारियां एकत्र की जा रही हैं। इस हेतु महाविद्यालय द्वारा Student Data Centre को एक कम्प्यूटर उपलब्ध कराया गया है।

(2.2) Student Data Center के अन्तर्गत ही महाविद्यालय में छात्र छात्राओं हेतु Bulk SMS की सुविधा का भी आरम्भ किया जा चुका है। महाविद्यालय की विभिन्न सूचनाओं को छात्र/छात्राओं एवं अध्यापकों तक पहुंचाने में यह सुविधा उपयोगी

Ph. 05949 - 282140
# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय
बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड
website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com



सिद्ध हो रहे है।

(2.3) Student Data center हेतु एक ई मेल भी खोली गई है यह email : sdcgpgcbazpur@gmail है। इस ई मेल पर छात्र/छात्राए अपने डाटा को अपडेट कराने का कार्य कर सकते है। साथ ही जिन छात्र/छात्राओं की ई मेल उपलब्ध है उन्हे इस ई मेल के द्वारा भी सम्पर्क किया जा सकता है।

(2.4) महाविद्यालय में IQAC द्वारा A.A.A का कार्य प्रगति पर है। इस कार्य को अधिक पारदर्शी एवं त्वरित बनाने हेतु विभिन्न ऑडिट टीमों का गठन किया जा चुका है एवं यह सभी टीमें ऑडिट का कार्य सम्पन्न कर रहे है।

(2.5) A.A.A हेतु डॉ. कुमार विमल लखटकिया को वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सभी विभागों मे Chief Auditor के रूप में नियुक्त किया गया गया है। जबकि वाणिज्य विभाग मे डॉ. नूतन श्रीवास्तव (एसो. प्रो. वनस्पति विज्ञान) Chief Auditor रहेंगी।

(2.6) महाविद्यालय IQAC AAA कार्य नवम्बर माह के अन्त तक अथवा दिसम्बर माह के पहले सप्ताह के अन्त तक पूर्ण कर आख्या प्राचार्य एवं शासन को प्रस्तुत करने हेतु प्रयासरत है।

(2.7) महाविद्यालय में I.Q.A.C के प्रस्ताव पर एक 'डिसेबिलिटी सर्विस सेल' की स्थापना की जा चुकी है।

Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com



(3) डॉ० कुमार विमल लखटकिया द्वारा I.Q.A.C. एवं प्राचार्य को सूचित किया गया कि अभी तक गणित, भौ० विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, समाजशास्त्र, राज० विज्ञान, संस्कृत एवं इतिहास विषयों का Audit हो चुका है।

डॉ० कुमार विमल लखटकिया ने इस बात पर चिन्ता प्रकट की कि विभागों द्वारा बार-2 समयसीमा का उल्लंघन किया जा रहा है जिससे महाविद्यालय के AAA में न केवल व्यवधान हो रहा है बल्कि इस महत्वपूर्ण कार्य की प्रासंगिकता पर भी प्रश्नचिन्ह लगता है।

इसपर प्राचार्य द्वारा सभी विभागों को AAA का कार्य 23/11/2019 शनिवार तक सम्पन्न कराने सम्बन्धी नोटिस जारी करने का आदेश देते हुए डॉ० कुमार विमल लखटकिया को निर्देशित किया कि शनिवार दिनांक 23/11/2019 के पश्चात किसी भी विभाग का Audit न हो पाने की स्थिति में आडिट रिपोर्ट से उक्त सम्बन्धी आख्या के साथ रिपोर्ट बनाने का कार्य आरम्भ कर दिया जाय तथा एडमिनिस्ट्रेटिव आडिट की प्रक्रिया शुरु कर दी जाय। ऐसे विभाग जो उक्त तिथि तक विभागीय Audit सम्पन्न नहीं करा पाते हैं उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा तथा बिना लिखित स्पष्टीकरण के विभाग का आडिट नहीं किया जाएगा।

(4) डॉ० आदर्श चौधरी द्वारा प्राचार्य को सूचित किया गया कि अधिकारी प्राध्यापकों की सूचनाएं वेबसाइट

Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com



पर अपडेट की जा चुकी है एवं अन्य की प्रक्रिया गतिमान है।

(5) डॉ० बृजेश कुमार जोशी द्वारा जानकारी दी गई कि RUSA द्वारा महाविद्यालय पुस्तकालय हेतु पुस्तकों के क्रय हेतु आदेश दिया जा चुका है एवं उक्त पुस्तकें शीघ्र की महाविद्यालय पुस्तकालय को प्राप्त हो जाएंगी।

(6) डॉ० अतुल अवस्थी द्वारा प्राचार्य को जानकारी दी गई कि IQAC द्वारा महाविद्यालय में "उच्चशिक्षा में गुणवत्ता उन्नयन एवं नवाचार" विषय पर एक संगोष्ठि का आयोजन दिनांक 15/11/2019 को किया गया।

(7) डॉ० बृजेश जोशी द्वारा महाविद्यालय में एक कम्प्यूटर सेन्टर की आवश्यकता पर बल देते हुए महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं एवं प्राध्यापकों हेतु एक कम्प्यूटर लैब की स्थापना का प्रस्ताव दिया गया जिसे आई० क्यू० ए० सी० के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया। प्राचार्य द्वारा उक्त प्रस्ताव पर विचार कर निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया।

इस प्रकार यह बैठक निम्न निर्णयों के साथ समाप्त हुई

(1) महाविद्यालय के समस्त विभागों को नोटिस जारी कर दिनांक 23/11/2019 तक आडिट पूर्ण करने का आदेश पारित किया जाएगा

(2) दिनांक 23/11/2019 के पश्चात महाविद्यालय में एडमिनिस्ट्रेटिव ऑडिट शुरू किया जाएगा।

Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com



(3) एडमिनिस्ट्रेटिव ऑडिट हेतु तीन सदस्यीय टीम के गठन का निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि यह टीम निम्न प्रकार से गठित होगी। (1) डॉ० कुमार विमल लखरविया (Cheif Auditor)
(2) डॉ० विकास रंजन कुमार Auditor
(3) श्री प्रकाश चन्द्र जोशी Auditor

(4) यह टीम महाविद्यालय के कार्यालय, परीक्षा समिति, छात्र संघ समिति, क्रीड़ा समिति, शास्ता मण्डल, RUSA समिति, पुस्तकालय, वाचनालय, EDUSAT, महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ, छात्र उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ एवं विभिन्न विभागों की प्रयोगशालाओं के स्टाक रजिस्टर आदि का ऑडिट करेगी।

(1) डॉ० कमला चन्याल (प्राचार्य एवं अध्यक्ष IQAC) 20-11-19

(2) डॉ० अतुल उप्रेती (संयोजक IQAC) 20/11/19

Convener IQAC G.P.G.C Bazpur U.S Nagar

(3) डॉ० सत्यप्रकाश शर्मा (सदस्य IQAC) 20/11/19

(4) डॉ० बृजेश जोशी (सदस्य IQAC) 20/11/19

(5) श्री आदर्श चौधरी (सदस्य IQAC)

(6) डॉ० नजा काण्डपाल (सदस्य IQAC)

विशेष: (7) डॉ० कुमार विमल लखरविया (Cheif Auditor)

Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com

## बैठक कार्यवाही



दिनांक 23/11/2019

कार्यवृत्त :

महाविद्यालय IQAC के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आज दिनांक 23/11/2019 को अपराह्न 2:30 पर प्राचार्य कक्ष मे प्राचार्य महोदया की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। इस बैठक मे प्राचार्य द्वारा IQAC व नैक प्रत्यायन समिति के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक मे मुख्य रूप से निम्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई।

1. महाविद्यालय IQAC एवं नैक प्रत्यायन समिति के कार्यों की समीक्षा
2. महाविद्यालय के प्रस्तावित नैक प्रत्यायन हेतु आवश्यकताएं एवं बाधाएं

कार्यवाही :

(1) बैठक के आरम्भ मे प्राचार्य द्वारा IQAC एवं नैक प्रत्यायन समिति द्वारा किये गये कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी मांगी गई

(2) डॉ. अतुल उप्रेती (संयोजक IQAC) ने जानकारी दी कि महाविद्यालय के AAA सम्बन्धी दस्तावेज एवं विभागों द्वारा भरे गये प्रारूप IQAC को प्राप्त हो चुके हैं एवं उनपर आधारित रिपोर्ट तैयार की जारही है।

(3) डॉ० कुमार विमल लखेरा द्वारा जानकारी दी गई कि सभी विभागों द्वारा प्रारूप पर सूचनाएँ उपलब्ध करायी गई हैं एवं सूचनाओं एवं अभिलेखों की जाँच का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

(4) डॉ० अतुल उप्रेती द्वारा प्राचार्य महोदया को जानकारी दी गई कि महाविद्यालय मे स्थापित

Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com



Student Data Centre पर छात्र डाटा के एकत्रीकरण का कार्य चल रहा है। सभी छात्रों के आवेदन डाटा छात्र रजिस्टर में दर्ज है परन्तु डिजिटल (कम्प्यूटराइज्ड) नहीं है जिसके कारण यह कार्य धीमी गति से चल रहा है। डॉ० अतुल उप्रेती द्वारा यह भी सूचित किया गया कि Student Data Center को नियमित दर्जा न होने के कारण कर्मियों की अनुपलब्धता बनी रहती है। Student Data Centre की उपयोगिता एवं इसके कार्य की निरन्तरता के दृष्टिगत इसे नियमित दर्जा दिये जाने की माँग डॉ० अतुल उप्रेती द्वारा की गई।

(5.) प्राचार्य महोदया द्वारा कार्यालय में पहले से कर्मियों की कमी के कारण Student Data Centre को पूर्णकालिक कर्मी उपलब्ध कराने में असमर्थता जताते हुए श्री कुन्दन एवं श्री वी० के० जोशी को अन्य कार्यों के अतिरिक्त डाटा सेन्टर में भी कार्य करने हेतु निर्देशित करने का आश्वासन दिया गया। यह भी आश्वासन दिया गया कि नैक मूल्यांकन के दृष्टिगत स्टूडेंट डेटा सेंटर का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा।

(6) प्राचार्य महोदया ने Student Data Centre को नियमित दर्जा देने की मांग को स्वीकार करते हुए कार्यालयाध्यक्ष महोदय को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

(7.) डॉ० बृजराज कुमार जोशी ने जानकारी दी कि महाविद्यालय पुस्तकालय हेतु सभी विषयों की पुस्तकों के क्रय की

Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

## बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com



प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तथा महाविद्यालय पुस्तकालय को यह पुस्तक प्राप्त हो रही है। पुस्तकालय एवं विभागाध्यक्षों द्वारा पुस्तकों की जाँच के उपरान्त इन्हे अभिलेखबद्ध किया जा रहा है।

(8) डॉ. बृजेश कुमार जोशी द्वारा महाविद्यालय लाइब्रेरी एवं कम्प्यूटर लैब हेतु RUSA द्वारा अनुदानित राशि से कम्प्यूटर क्रय करने हेतु प्राचार्य की अनुमति मांगी जिसे प्राचार्य महोदया ने स्वीकार कर लिया।

(9) श्री आदर्श चौधरी द्वारा सूचित किया गया कि महाविद्यालय वेबसाइट को अपडेट करने का कार्य गतिमान है।

(10) श्री आदर्श चौधरी द्वारा सूचित किया गया कि महाविद्यालय की वेबसाइट के वार्षिक रखरखाव हेतु कान्ट्रैक्ट को बढ़ाने की आवश्यकता है जिसे प्राचार्य महोदया ने स्वीकार कर लिया।

(11) श्री आदर्श चौधरी ने महाविद्यालय की वेबसाइट को Secure (सुरक्षित) बनाने (https) हेतु आवश्यक अनुमति की माँग की जिसे प्राचार्य महोदया ने स्वीकार कर लिया गया।

(12) डॉ. अतुल उप्रेती द्वारा नैक प्रत्यायन की तैयारी हेतु कार्यालय तथा कर्मियों के आवश्यक सहयोग की मांग की गई जिसे प्राचार्य द्वारा स्वीकार कर लिया गया।

इस प्रकार यह बैठक निम्न निर्णयों के साथ समाप्त हुई;

Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तरमहाविद्यालय

## बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website-www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com



निर्णय;

(1) Student Data Centre को नियमित ऊर्जा प्रदान किया जाएगा एवं नैक प्रत्यायन के दृष्टिगत कर्मी प्रदान किये जाएंगे जो प्राथमिकता के आधार पर Student Data Centre का कार्य करेंगे।

(2) महाविद्यालय की वेबसाइट के रखरखाव हेतु कान्ट्रेक्ट को एक वर्ष के लिये विस्तारित किया जाएगा।

(3) महाविद्यालय की वेबसाइट को Security Certificate दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

उक्त निर्णयों के साथ यह बैठक समाप्त हुई।

(1) डॉ० कमला चन्याल (प्राचार्य)

(2) डॉ० अतुल उप्रेती (संयोजक)

(3) डॉ० सत्य प्रकाश शर्मा (सह संयोजक)

(4) डॉ० बृजेश कुमार जोशी (सदस्य)

(5) डॉ० मनप्रीत सिंह (सदस्य)

(6) डॉ० जया काण्डपाल (सदस्य)

(7) डॉ० आदर्श चौधरी (सदस्य)

(8) डॉ० कुमार विमल लखटकिया (चीफ ऑडिटर AAA)

(9) श्री जोशी कार्यालयाध्यक्ष Sign.